# कार्यालय कोरबा जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा, (छत्तीसगढ़)

क्रमॉक/DMFT-15/भर्ती/2023-24/ 2085/ | कोरबा, दिनांक 16/02/2024

## //विज्ञापन//

व्यवस्थापक, छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास एवं सचिव, छ.ग. शासन खनिज साधन विभाग के पत्र कमांक एफ 7-34/2016/XXI दिनांक 23 मार्च 2021 में दिए गये पद स्वीकृत अनुसार जिला खनिज संस्थान न्यास (DMFT) अंतर्गत जिला कार्यालय कोरबा में संविदा भर्ती के अधोवर्णित पद के लिए योग्य उम्मीदवार से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र **कार्यालय कलेक्टर, जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा, जिला– कोरबा (छ.ग.) पिन –495677** के नाम से अंतिम तिथि 29.02.2024 सायं 5.00 बजे तक कार्यालयीन समय पर केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से स्वीकार किया जावेगा। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र | पद का नाम | कुल रिक्त पद | विज्ञापित पदों की संख्या एवं आरक्षण विवरण | | | | वेतन (प्रतिमाह एकमुश्त ) | न्यून तम आयु | अधिक तम आयु | शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अ.ज. जा. | अ. जा. | पि.व. | अनारक्षित | | | | |
| 1 | सहायक ग्रेड –03 | 02 | 01 (मुक्त) | 0 | 01 (मुक्त) | 0 | 14200/- | 21 वर्ष | 40 वर्ष | 1.किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत प्राप्तांको के साथ उत्तीर्ण।<br>2.किसी मान्यता प्राप्त संस्था/ विश्वविद्यालय से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में 01 वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र।<br>3.कम्प्यूटर में कौशल परीक्षा ली जायेगी। |

| एम.एस.ऑफिस | निर्धारित अंक |
|---|---|
| MS-Word | 25 |
| MS-Excel | 25 |
| MS PowerPoint | 25 |
| हिन्दी टायपिंग 25 WPM | 25 |
| **योग** | **100** |

### नियुक्ति का तरीका :–

1. प्राप्त आवेदन पत्रों की सूक्षम जांच की जावेगी तथा पात्र–अपात्र की सूची जारी होने के पश्चात् दस्तावेज प्रथम दावा–आपत्ति के अंतिम तिथि तक स्वीकार किये जायेंगे।
2. अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार कर एक पद के विरूद्ध 15 अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जायेगा। कौशल परीक्षा में अनुपस्थित होने वाला अभ्यर्थी चयन के लिए अपात्र होगा।
3. कौशल परीक्षा में एम.एस आफिस के साथ कम्प्यूटर टायपिंग के आधार पर अंकों का निर्णय लिया जायेगा। टायपिंग लेखन में निर्धारित गति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अभ्यर्थियों का चयन नहीं किया जायेगा।
4. अंतिम चयन सूची केवल कौशल परीक्षा के प्राप्तांकों और कम्प्यूटर टायपिंग में सफल होने के आधार पर तैयार की जायेगी। समान अंक पाने वाले अभ्यर्थियों की पारस्परिक वरीयता उनके उम्र के आधार पर निर्धारित की जावेगी, जिसके अनुसार अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी का चयन पहले किया जायेगा।
5. मूल प्रमाण–पत्रों की जॉच उपरांत योग्य अभ्यर्थी की नियुक्ति आदेश नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा जारी किया जायेगा।
6. चयनित अभ्यर्थी के साथ प्रत्येक श्रेणी में 10 अभ्यर्थी की प्रतीक्षा सूची जारी की जावेगी जो कि एक वर्ष के लिए मान्य होगी।

क्रमश......2.........

Scanned with OKEN Scanner

7. मूल प्रमाण पत्रों की जॉच/कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा उपरांत योग्य अभ्यर्थियों की नियुक्ति आदेश जारी किया जावेगा।
8. प्रतीक्षा सूची के अभ्यथियों को अन्य विभाग में रिक्ति उपलब्ध होने पर वहॉ कार्य करने हेतु नियुक्ति दी जा सकेगी।

**अन्य शर्ते :–**

1. उपरोक्त संविदा सेवा में मासिक एकमुश्त वेतन देय होगा, इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, मंहगाई भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता आदि नहीं दिया जायेगा।
2. संविदा नियुक्ति हेतु न्यूनतम आयु दिनांक 01.01.2023 की स्थिति में 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होगी। अधिकतम आयु सीमा में छुट के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग (छ.ग. शासन) द्वारा समय–समय पर जारी छूट संबंधी आदेश/निर्देश लागू होंगे।
3. नियुक्तिकर्ता के द्वारा पदों की सुख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
4. संविदा नियुक्ति छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 में निहित शर्तो के अनुसार की जावेगी।
5. संविदा नियुक्ति सामान्यत: एक वर्ष के लिए होगी। विभाग की आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्ति व्यक्ति को उपयुक्तता का आकलन कर संविदा अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया जा सकेगा।
6. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति की सेवा पूर्णत: अस्थायी है एवं बिना किसी सूचना दिये कभी भी समाप्त की जा सकती है।
7. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति की सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा नियुक्ति शासकीय सेवक के रूप में जितनी अवधि तक सेवा दी गई है उस अवधि के लिये किसी भी प्रकार के पेंशन, उपक्रम या मृत्यु लाभ कर्मचारी की पात्रता नहीं होगी।
8. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है, समक्ष अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. अजा/अजजा/अपिव वर्ग के आवेदकों को जाति की पुष्टि में प्राधिकृत अधिकारी/अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
10. आवेदन के साथ वांछित प्रमाण–पत्रों की अंकसूची स्वहस्ताक्षरित (स्वयं सत्यापित) प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ लगाना अनिवार्य है।
11. विज्ञापित पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र संलग्न नही होने पर आवेदन अमान्य कर दिया जावेगा। इसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगें।
12. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा, इस संबंध में आवेदक को किसी प्रकार से कोई सूचना नहीं दी जायेगी, जिसके लए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे।
13. लिफाफा के ऊपर नाम एवं पदनाम जिसके लिए आवेदन किया गया है, का स्पष्ट उल्लेख किया जाये। लिफाफा के ऊपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पूर्ण पता लिखा जावे।
14. विज्ञाप्ति पदों पर योग्यतानुसार आवेदन उपलब्ध नहीं होने की दशा में चयन समिति एवं कलेक्टर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
15. चयनित अभ्यर्थी को कार्यालय में उपस्थित होकर ज्वाईनिग के पूर्व समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ दस्तावेज सत्यापन कराना अनवार्य होगा।
16. चिकित्सा एवं पुलिस सत्यापन के पश्चात् कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा।
17. आवेदन पत्र का प्रारूप एनआईसी की वेबसाईट www.korba.gov.in पर देखा जा सकता है।
18. आवेदन पत्र **कार्यालय कलेक्टर, जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा, जिला– कोरबा (छ.ग.)पिन –495677** में निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक 29.02.2024 समय–सायं 5.00 तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित करें।

**क्रमश........3........**

Scanned with OKEN Scanner

19. उक्त पदों हेतु भविष्य में जारी आवश्यक दिशा—निर्देश/सूचना का प्रकाशन जिले के वेबसाईट **www.korba.gov.in** में किया जायेगा। कोई भी सूचना व्यक्तिगत रूप से नहीं दी जाएगी।

कलेक्टर सह अध्यक्ष,
प्रबंधकारिणी समिति
जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा (छ0ग0)

क्रमॉक/DMFT-15/भर्ती/2023-24/ 20852
कोरबा, दिनांक 16/02/2024

प्रतिलिपि :—

1. व्यवस्थापक, छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास एवं सचिव, छ०ग०शासन, खनिज साधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर, नया रायपुर (छ०ग०) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एनआईसी, जिला कोरबा (छ०ग०) की ओर एक प्रति के साथ प्रेषित है। जिले के वेबसाईड **www.korba.gov.in** में अपलोड करना सुनिश्चित करें।
3. सहायक संचालक, जनसंपर्क विभाग, जिला कोरबा (छत्तीसगढ़) की ओर सूचनार्थ। आप उक्त प्रेस विज्ञप्ति को प्रादेशिक एवं स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

कलेक्टर सह अध्यक्ष,
प्रबंधकारिणी समिति
जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा (छ0ग0)

Scanned with OKEN Scanner

# आवेदन पत्र का प्रारूप

स्व–प्रमाणित
नवीनतम रंगीन
फोटो चस्पा करे

प्रति,

कलेक्टर,
जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा,
जिला–कोरबा (छ.ग.)

**आवेदित पद का नाम** : ..........................................................

1. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) : ..........................................................

   (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर्स में) : ..........................................................

2. पिता/पति का नाम : ..........................................................

3. लिंग : ..........................................................

4. जन्म तिथि : ..........................................................

   01.01.2024 को आयु : वर्ष ............ माह.............. दिन ............

5. विवाहित/अविवाहित : ..........................................................

6. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता : ..........................................................

   ......................................................................

7. स्थायी पता : ..........................................................

   ......................................................................

8. मोबाईल नंबर : ..................................................

9. (अ) क्या आवेदक विकलांग है ? (यदि हां तो विकलांगता संबंधी जिला मेडिकल बोर्ड का सत्यापित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें) : ..................................................

   (ब) विकलांग का प्रकार व प्रतिशत : ..................................................

10. क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है ? (यदि हां तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्य –प्रति संलग्न करें) : ..................................................

11. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक व दिनांक : ..................................................

12. रोजगार कार्यालय का नाम व जिला : ..................................................

13. क्या आवेदक छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है ?: हॉ/नहीं ...................................
    (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न करे)

14. क्या आवेदक अजजा/अजा/अपिव वर्ग के है ? : हॉ/नहीं ...................................
    (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न करे)

क्रमश.....2......

Scanned with OKEN Scanner

15. शैक्षणिक योग्यता :—

| क्र | परीक्षा का नाम | विषय | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | |

16. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत है ? : ..........................................................

17. यदि हां तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें : ..........................................................

18. पद से संबंधित कार्यानुभव (यदि हो तो उल्लेख करे) :—

| क्र | विभाग/कार्यालय / संस्था का नाम | पदनाम | कार्य की अवधि | | कुल कार्य दिवस | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से ...... | दिनांक तक........ | वर्ष | माह | दिन |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

19. विशेष योग्यता (संक्षिप्त विवरण)

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

20. अधिकतम आयु सीमा में छुट के संबंध में संलग्न प्रमाण पत्र का विवरण :—

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

21. संलग्न दस्तावेजों की सूची :

1. ..............................................................
2. ..............................................................
3. ..............................................................
4. ..............................................................
5. ..............................................................
6. ..............................................................
7. ..............................................................
8. ..............................................................

अन्य : ..............................................................

आवेदक/आवेदिका का पूर्ण हस्तक्षर

**क्रमश.....3......**

Scanned with OKEN Scanner

## // घोषण पत्र //

मैं एतद् द्वारा घोषित करता/करती हूँ कि मैने विज्ञापित पात्रता शर्तो को ध्यान से पढ़ लिया गया है। जहां तक मेरी जानकारी एवं विश्वास से इस आवेदन में दी गयी प्रविष्टियों सत्य एवं सही है। मुझे मालूम है कि यदि कोई जानकारी असत्य एवं गलत पायी जाती है तो मेरा आवेदन निरस्त तथा चयन/नियुक्ति के उपरांत भी मेरी दावेदारी निरस्त की जा सकती है। जिसके विरूद्ध मेरे द्वारा कोई दावा प्रस्तुत करने का अधिकार मुझे नहीं होगा। मूल दस्तावेज/प्रमाण पत्र कार्यालय द्वारा मांगे जाने पर मेरे द्वारा प्रस्तुत किए जाएंगे।

स्थान – .........................

दिनांक – .........................

आवेदक का पूर्ण हस्तक्षर

नाम ..................................................................

पिता/पति का नाम ..........................................

पता का पूर्ण पता ..........................................

Scanned with OKEN Scanner